Tender Form Sale upto 1.00 pm 13.12.2017
Tender Reciept 02.00 pm 13.12.2017
Tender Opening 03.00 pm 13.12.2017
Estimated Cost: Rs 2.00 Lacs
Earnest money: Rs 4,000/-

# दी राजस्थान स्मॉल इण्डस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड,

(राजस्थान सरकार का उपक्रम)
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर–302005
दूरभाष 0141–2227267 फैक्स 0141–5115766
**Website** : www.rajsico.gov.in **E-mail:** rajsico@rajasthan.gov.in

## पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव–2018, जोधपुर

**दिनांक 05.01.2018 से 14.01.2018**

## निविदा सूचना संख्याः प.रा.उ./2018/06

निविदा फार्म शुल्क 200/–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विषय जिस कार्य हेतु निविदा प्रस्तुत की जानी है। | **उत्सव स्थल का रखरखाव** |
| 2. | निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम व डाक का पता मय टेलीफोन नं. सहित | मैसर्स :————————————————<br>डाक का पता :————————————————<br>————————————————<br>————————————————<br>टेलीफोन नं.————————<br>मोबाइल नं.———————— |
| 3 | आयकर पेन नं. | |
| 4 | जी.एस.टी. नं. | |

5. निविदा सूचना संख्याः प.रा.उ./2018/06 जो '' दी राजस्थान स्मॉल इण्डस्ट्रीज कॉरपोरेशन लि., उद्योग भवन, जयपुर के द्वारा जारी की गई है, में वर्णित समस्त शर्तो का पालन करने के लिये हम सहमत है, तथा उक्त निविदा सूचना की अन्य शर्ते जो सलंग्न पृष्ठो में दी गई है, जिसके समस्त पृष्ठो पर उनमें वर्णित शर्तो को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने के प्रतीक स्वरूप हमने हस्ताक्षर कर दिये है ।तथा इनका पालन करने के लिये हम सहमत है।
6. कार्य आदेश प्राप्त होने की दिनॉक से 10 दिवस पश्चात् अथवा दिनॉक **03.01.2018** तक जो भी पहले हो को कार्य पूर्ण कर दिया जायेगा। तथा मेला अवधि एवं पश्चात् भी मेला समन्वयक/गठित कमेटी के निर्देशानुसार कार्य संपादित करेंगे अन्यथा निगम द्वारा निर्धारित हर्जाने का जिम्मेदार रहूंगा।
7. अमानत राशि हेतु दी राजस्थान स्मॉल इण्डस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड के पक्ष में जयपुर में देय राशि————— रूपये का डिमान्ड ड्राफ्ट या रोकड जमा की रसीद संख्या/ड्राफ्ट संख्या —————— दिनांक——————— संलग्न है ।

निविदादाता के हस्ताक्षर

# दी राजस्थान स्मॉल इण्डस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड
## पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव–2018, जोधपुर
**दिनांक 05.01.2018 से 14.01.2018**

उत्सव स्थल के रखरखाव का कार्य

**अनुसूची 'एच'**

| क्र.सं | कार्य का नाम | दर प्रति | प्रस्तुत दर |
|---|---|---|---|
| 1. | जे.सी.बी. मशीन द्वारा खुदाई, लोडिंग एवं निर्माण ध्वस्त करनें का कार्य, | प्रति घंन्टा | |
| 2. | ट्रेक्टर ट्राली द्वारा कचरा/मलबा ट्रोली में भरकर डम्पिंग स्टेशन पर लेजाकर डालना | प्रति ट्रोली | |
| 3. | ट्रेक्टर व कराली द्वारा मैदान के समतलीकरण का कार्य | प्रति घन्टे | |
| 4. | ट्रेक्टर ट्राली द्वारा साफ बालू मिट्टी की आपूर्ति एवं निर्देशानुसार बिछावत | प्रति ट्रोली | |
| 5. | ट्रेक्टर टेंकर द्वारा पानी की आपूर्ति (टेंकर की क्षमता न्यूनतम 4000 लीटर) | प्रति टेंकर | |

उक्त दरें समस्त सामग्री मजदूरी, डीजल, ड्राईवर, कर, उपकर ( जी.एस.टी. के अतिरिक्त) सहित होगी । जी.एस.टी. नियमानुसार अलग से देय होगा ।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय
पता व टेलीफोन नं. सहित
मोबाईल नं.

# दी राजस्थान स्मॉल इण्डस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड
# पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव–2018, जोधपुर

<u>कार्य का नाम – उत्सव स्थल का रखरखाव का कार्य की शर्ते :–</u>

1. निविदादाता को निविदा बन्द लिफाफे में प्रस्तुत करनी होगी ।
2. निविदादाता निम्न दस्तावेज/सूचनाएँ प्रस्तुत करेगा ।
   अ. धरोहर राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट या रोकड़ जमा करायी हो तो रसीद सं. .................... व दिनॉक ......................।
   ब. जी.एस.टी./बिक्रीकर/सेवाकर, पंजीयन प्रमाण–पत्र एवं क्लीयरेन्स प्रमाण–पत्र ।
   स. निर्माण विभाग में पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति।
   द. उक्त कार्य आकस्मिक प्रकृति का होने के कारण स्थानीय निविदादाता/स्थानीय व्यक्ति का अनुबन्ध पत्र प्रस्तुत करने वाले निविदाता को प्राथमिकता दी जायेगी। जिसमें अन्तिम निर्णय कमेटी का होगा।
3. आदेश प्राप्ति के पश्चात् 2 दिन में 5 प्रतिशत प्रतिभूति राशि नगद/डिमाण्ड़ ड्राप्ट के रूप में जमा करानी होगी । धरोहर राशि का समायोजन प्रतिभूति राशि में कर लिया जायेगा ।
4. जेसीबी / ट्रेक्टर की लाग बुक एवं रजिस्ट्रेशन प्रपत्र भुगतान के समय प्रस्तुत करने होंगे ।
5. किसी प्रकार की टूट फूट, कमी–बेसी एवं किसी प्रकार की क्षति के लिये निगम जिम्मेदार नहीं होगी। तथा सामान की सम्पूर्ण सुरक्षा की जिम्मेदारी मय अग्नि के लिए ठेकेदार स्वयं की होगी । इस हेतु उचित व्यवस्था/बीमा इत्यादि व्यय स्वयं अपने स्तर पर करनी होगी ।
6. कार्य की तादाद आवश्यकतानुसार घटाई बढाई जा सकती है ।
7. सामान लाने व ले जाने का कोई अतिरिक्त चार्ज देय नही होगा ।
8. निगम न्यूनतम दर वाली सविंदा स्वीकार करने के लिये बाध्य नहीं है व किसी भी निविदा या उसके अंश को बिना कोई कारण बताये निगम द्वारा अस्वीकार की जा सकती है ।
9. किसी भी प्रकार का अग्रिम भुगतान नही किया जावेगा । निर्देशानुसार करवाये गये कार्य का सत्यापन मेले की चालू अवधि में गठित कमेटी से करवानें की जिम्मेवारी ठेकेदार स्वयं की होगी ।
10. कार्य का निष्पादन मेला समन्वयक/ गठित कमेटी के सुपरविजन में करना होगा एवं उनके निर्देशानुसर निर्धारित समयावधि में पूर्ण करना होगा ।
11. कार्य समय पर व संतोषजनक नही होने पर निगम पेनल्टी लगाने हेतु अधिकृत रहेगी
12. दरें जी.एस.टी. के अतिरिक्त सभी करों सहित प्रस्तुत करनी होगी। जी.एस.टी. नियमानुसार अलग से देय होगा ।
13. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जावेगी।
14. किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बतायें स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार निगम को होगा।
15. सक्षम स्वीकृति के अभाव में किये गये अतिरिक्त कार्य का कोई भुगतान देय नही होगा।
16. कार्य आदेश प्राप्ति के दो दिवस के भीतर 500/– रूपये के नॉन ज्यूडिसियल स्टाम्प पर अनुबन्ध पत्र निष्पादित करना होगा ।
17. निम्न मामलों में अमानत राशि जब्त कर ली जावेगीः–
   अ. जब निविदादाता निविदा खोलने के बाद किन्तु निविदा स्वीकार करने से पूर्व अपनी दर वापस लेता या उसमें संशोधन करता है।
   ब. जब निविदा दाता निर्दिष्ट समय के भीतर विहित करार का निष्पादन नही करता है तथा आदेश के बाद धरोहर राशि जमा नही करवाता है।
   स. आदेश के बाद कार्य पूर्ण करने में असमर्थ रहता है।
18. ठेकेदार अपनी संविदा को या उसके किसी भाग को किसी अन्य एजेन्सी के लिए नहीं सौपेगा या उप भाड़े (सबलेट) पर नहीं देगा ।
19. सा. वि. एवं ले. नि. भाग II के नियम 68 के प्रारूप सं. 16 में खुली निविदा के लिए शर्ते क्र.सं. 1 से 42 तक लागू रहेगी जो कि मुझे मान्य है ।
20. अपरिहार्य कारणो जैसे प्राकृतिक आपदा, महामारी इत्यादि की वजह से उत्सव आयोजन स्थगित या निरस्त भी किया जा सकता है । जिसके लिये निगम का कोई उतरदायित्व नही होगा तथा जब भी उक्त उत्सव आयोजित किया जायेगा तब समस्त कार्य उक्त निविदा मे स्वीकृत दरो पर ही करना होगा ।
21. देय करों के भुगतान की जिम्मेदारी संवेदक की होगी।
22. निविदादाता एच शिड्यूल में दरे प्रस्तुत करेगा। और इसमें किसी प्रकार की शर्त अंकित नही करेगा और न ही प्रस्तुत दरों में कॉट–छॉट करेगा । अन्यथा निविदा अस्वीकार कर दी जावेगी।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय
पता व टेलीफोन नं. सहित
मोबाईल नं.